# सर्वांगीण विकास को स्कूलों में हो गतिविधियां

जागरण संवाददाता, पटना : बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूलों में गतिविधियों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। खासकर क्रासवर्ड जैसे कार्यक्रम से बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद मिलती है। ये बातें शुक्रवार को नेशनल इंटर-कालेज क्रासवर्ड एक्सपीडिशन के तत्वावधान में आयोजित जोनल राउंड में राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर ने कहीं। कार्यक्रम का आयोजन राजधानी के चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में किया गया। यहां पर पूर्वी जोन की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं झारखंड के विद्यार्थी शामिल हुए।

**पटना राउंड में संत माइकल की श्रद्धा श्री ने मारी बाजी :** प्रतियोगिता के पटना राउंड में संत माइकल हाईस्कूल की छात्रा श्रद्धाश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं डान बास्को एकेडमी




सीआइएमपी में में क्रिप्टिक क्रासवर्ड क्लू को हल करने वालीं शीर्ष टीमों को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दिया पुरस्कार और प्रमाण पत्र ● सौ : संस्थान

के छात्र धैर्य पांडेय को दूसरा स्थान मिला। डीपीएस के वैभव शेखर एवं अंजलि सिन्हा को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

**जोनल राउंड में शिवानी व अमन को प्रथम स्थान :** प्रतियोगिता के जोनल राउंड में वैशाली के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की छात्रा शिवानी कुमारी एवं छात्र अमन कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं गया इंजीनियरिंग कालेज के छात्र वैभव राज एवं सुरजीत कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सीआइएमपी की छात्रा अंजलि सिन्हा एवं अदिति को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, सीआइएमपी के निदेशक डा.राणा सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# सीआइएमपी में क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# क्रॉसवर्ड कोर्स में हो शामिल: राज्यपाल

**संवाददाता, पटना**

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के ऑडिटोरियम में पटना क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता व नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपीडिशन, नाइस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में जोनल राउंड का आयोजन एक्स्ट्रा सी द्वारा किया गया. इसमें अनुभवी क्रॉसवर्ड हल करने वालों से लेकर नवागंतुक शामिल हुए. इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियां एक समग्र शिक्षा के लिए आवश्यक हैं. इन दोनों के संयोजन से ही छात्र की वास्तविक योग्यता का मूल्यांकन किया जा सकता है. आप बौद्धिक हैं और क्रॉसवर्ड की महत्ता को समझते हैं. यह हमारे शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग होना चाहिए. क्रॉसवर्ड न केवल हमारी शब्दावली का विस्तार करते हैं, बल्कि हमारी बौद्धिकता को भी तीव्र करते हैं. राज्यपाल ने एआइसीटीइ, यूजीसी, आइआइएम मुंबई, आइआइटी मद्रास, एक्स्ट्रा-सी, और सीआइएमपी के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की. इस मौके पर विवेक कुमार सिंह ने कहा, एनइपी 2020 के अनुसार, एक छात्र का समग्र विकास आवश्यक है, जिसके लिए क्रॉसवर्ड महत्वपूर्ण है. उन्होंने यह भी कहा कि क्रॉसवर्ड हमें हर दिन नयी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं और जीवन में किसी भी स्तर की चुनौती का सामना करने के लिए हमें सशक्त बनाते हैं. नाइस 2024 इस्ट जोनल राउंड में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के छात्र शामिल हुए, जिन्होंने सितंबर में नयी दिल्ली में होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए क्वालीफाइ करने के लिए प्रतिस्पर्धा की. इस कार्यक्रम में प्रो. डॉ. राणा सिंह, निदेशक, सीआइएमपी उदयन मिश्रा, आइएएस, निदेशक, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार; रॉबर्ट एल. चोंगथू, आइएएस, राज्यपाल के प्रधान सचिव देवेश सेहरा, आइएएस, सचिव, एससी व एसटी कल्याण उपस्थित थे.




## इस प्रकार रहा प्रतियोगिता का रिजल्ट

**नाइस- 2024 इस्ट जोनल राउंड के परिणाम :** रैंक-1 : शिवानी कुमारी और अमन कुमार, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, वैशाली, रैंक-2 : वैभव राज और सुरजीत कुमार, गया इंजीनियरिंग कॉलेज, रैंक-3 : अंजलि सिन्हा और अदिति, सीआइएमपी .इस मौके पर राजधानी के 300 से अधिक छात्रों ने 45 मिनट की लिखित प्रारंभिक सत्र में क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड क्लू को हल करने के लिए भाग लिया, जिसमें शीर्ष टीमों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये और विजेता टीम को सीसीसीसी 12.0 ग्रैंड फिनाले में सीधा प्रवेश मिला.

**सीसीसीसी 12.0 पटना राउंड के परिणाम:** रैंक-1 : श्रद्धा श्री, सेंट माइकल्स हाइस्कूल, पटना, रैंक-2 : धैर्य पांडे, डॉन बॉस्को अकादमी, पटना, रैंक-3 : वैभव शेखर और अंजलि सिन्हा, डीपीएस पटना.

Prabhat Khabar! Page.No-04 ! Dated:17-08-2024

# Governor of Bihar Inspires Students at Patna Crossword Contest and NICE Zonal Round at CIMP, Organized by Extra-C_

**OUR CORRESPONDENT**



**PATNA:** CIMP hosted the Patna Crossword Contest cum NICE Zonal Round today at its auditorium. This event organised by EXTRA-C attracted crossword enthusiasts ranging from seasoned solvers to novices, fostering intellectual engagement and camaraderie. His Excellency, Governor of Bihar Sri Rajendra Vishwanath Arlekar, was the esteemed Chief Guest for the occasion.

The NICE 2024 East Zonal Round brought together top students from Bihar, West Bengal, Odisha, and Jharkhand, all competing for a chance to advance to the Grand Finale scheduled in New Delhi this September.

*NICE 2024 East Zonal Round Results:*

Rank-1: Shivani Kumari and Aman Kumar from Government Engineering College, Vaishali.

Rank-2: Vaibhav Raj and Surjeet Kumar from Gaya Engineering College.

Rank-3: Anjali Sinha and Aditi from CIMP.

The top three teams from this zonal round will advance to represent the east zone in the Grand Finale.

Rank-1:Shraddha Shree from St. Michael's High School, Patna

Rank-2: Dhairya Pandey from Don Bosco Academy, Patna

Rank-3: Vaibhav Shekhar and Anjali Sinha from DPS Patna

Over 300 students from Patna schools participated, engaging in a 45-minute written prelims session to solve cryptic crossword clues.

The top teams were awarded prizes and certificates, with the winning team securing a direct qualification to the CCCC 12.0 Grand Finale.

Governor Arlekar highlighted the significance of integrating academics with co-curricular activities for a well-rounded education. "Academics and co-curricular activities go hand-in-hand for a holistic education. It is through a combination of these two that the real worth of a student can be gauged," he stated. "You are intellectuals and understand the immense value of crosswords.

The event was attended by dignitaries including Prof. Dr. Rana Singh, Director, CIMP; Shri Udayan Mishra, IAS, Director, Science & Technology Department, Bihar; Shri Robert L. Chongthu, IAS, Principal Secretary to the Governor, Bihar and Shri. Devesh Sehra, IAS, Secretary SC & ST Welfare.

The event concluded with a vote of thanks by Shri. Kumod Kumar, CAO of CIMP and CEO of CIMP-BIIF. He said, "This is a remarkable platform that encourages students to develop their creative thinking and multidisciplinary skills.

Morning India ! Page.NO-03 ! Dated:17-08-2024

# क्रॉसवर्ड पहेलियों को हल करने की आदत डालें : राज्यपाल



एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

क्रॉसवर्ड पहेलियों को हल करना हमारी आदतों में शामिल होना चाहिए। इससे बौद्धिक व मानसिक विकास तथा आत्मविश्वास, समस्याओं को समाधान करने की क्षमता एवं शब्द भंडार में वृद्धि होती है। क्रॉसवर्ड को अतिरिक्त पाठ्यक्रम नहीं बल्कि सह पाठ्यक्रम बनाया ज़ाना चाहिए। इसे पाठ्यक्रम का अंग होना चाहिए। यह बातें राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में आयोजित नेशनल इंटर कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडीशन 2024 का उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहीं। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में शुक्रवार को एआईसीटीई, आईआईएम मुंबई, आईआईटी चेन्नई एवं एक्स्ट्रा-सी द्वारा आयोजित एनआईसीई का जोनल राउंड शुरू हुआ। नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडीशन 2024 का पूर्वी जोनल राउंड के साथ पटना क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रमुख कॉलेजों के छात्रों के बीच क्रॉसवर्ड प्रतिस्पर्धा हुई।इस अवसर पर राज्यपाल ने विजेताओं को दिये जाने वाले टी-शर्ट और घड़ी का विमोचन तथा ट्रॉफी का अनावरण किया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत भी किये। रेरा बिहार के अध्यक्ष एवं एक्स्ट्रा-सी के मुख्य सलाहकार विवेक कुमार सिंह ने कहा एनईपी 2020 के अनुसार, एक छात्र का समग्र विकास आवश्यक है। इसके लिए क्रॉसवर्ड एक महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रॉसवर्ड हमें हर दिन नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं और जीवन में किसी भी स्तर की चुनौती का सामना करने के लिए हमें सशक्त बनाते हैं।

Dainik Bhaskar ! Page.NO-06
Datee:17-08-2024

# क्रॉसवर्ड को सह पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए

## बोले राज्यपाल

**पटना, मुख्य संवाददाता।** क्रॉसवर्ड को अतिरिक्त पाठ्यक्रम में नहीं बल्कि सह पाठ्यक्रम बनाया जाना चाहिए। ये बातें बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहीं।

वे शुक्रवार को चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान में नेशनल इंटर कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन एनआईसीई 2024 के जोनल राउंड और पटना क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। एक्स्ट्रा-सी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि क्रॉसवर्ड पहेलियों को हल करना हमारी आदतों में शामिल होना चाहिए।

इससे बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। इसके अलावा आत्मविश्वास बढ़ता है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो।

**शिवानी और अमन रहे विजेता :** क्रॉसवर्ड के एनआईसीई 2024 ईस्ट जोनल राउंड में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के शीर्ष छात्र शामिल हुए। पहले स्थान पर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज वैशाली की शिवानी कुमारी और अमन कुमार रहे। दूसरे स्थान पर गया इंजीनियरिंग कॉलेज के वैभव राज और सुरजीत कुमार रहे। तीसरे स्थान पर सीआईएमपी की अंजलि सिन्हा , और अदिति रहीं।

ये शीर्ष तीन टीमों ने ग्रैंड फिनाले में ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्वालिफाई किया। पटना राउंड के तहत सेंट माइकल्स हाईस्कूल की श्रद्धा श्री, डॉन बास्को एकेडमी की धैर्य पांडे और डीपीएस के वैभव शेखर और अंजलि सिन्हा ने रैंक एक, रैंक दो और रैंक तीन प्राप्त किया।

इस मौके पर रेरा बिहार के अध्यक्ष एवं एक्स्ट्रा-सी के मुख्य सलाहकार विवेक कुमार सिंह ने कहा कि एक छात्र का समग्र विकास के लिए क्रॉसवर्ड महत्वपूर्ण साधन है।

Hindustan ! Page.No-09
Dated:17-08-2024

# जोनल राउंड और पटना क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**पटना।** सीआईएमपी ने पटना क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता एवं नेशनल इंटर कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपीडिशन 2024 जोनल राउंड की मेजबानी की। इस कार्यक्रम का आयोजन एक्सट्रा-सी द्वारा किया गया, जिसमें अनुभवी क्रॉसवर्ड हल करने वालों से लेकर नवागंतुकों तक के क्रॉसवर्ड उत्साही शामिल हुए जिन्होंने बौद्धिक संलग्नता और मित्रता को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एनआईसीईई 2024 ईस्ट जोनल राउंड में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के शीर्ष छात्र शामिल हुए जिन्होंने इस सितंबर में नई दिल्ली में होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए क्वालीफाई करने के लिए प्रतिस्पर्धा की। कार्यक्रम के दौरान सीसीसीसी-2024 का भी आधिकारिक शुभारंभ किया गया जिसमें पटना के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने ग्रैंड फिनाले में स्थान पाने के लिए प्रतिस्पर्धा की। पटना के 300 से अधिक छात्रों ने 45 मिनट की लिखित प्रारंभिक सत्र में क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड क्लू को हल करने में भाग लिया। शीर्ष टीमों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विजेता टीम को सीसीसीसी-12.0 ग्रैंड फिनाले में सीधा प्रवेश मिला। राज्यपाल आर्लेकर ने समग्र शिक्षा के लिए शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के एकीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियां एक समग्र शिक्षा के लिए आवश्यक है। इन दोनों के संयोजन से ही छात्र की वास्तविक योग्यता का मूल्यांकन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आप बौद्धिक हैं और क्रॉसवर्ड की महत्ता को समझते हैं। ये हमारे शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग होना चाहिए जो छात्रों की उत्सुकता को प्रेरित करे। क्रॉसवर्ड न केवल हमारी शब्दावली का विस्तार करते हैं, बल्कि हमारे बौद्धिकता को भी तीव्र करता है। हमें समस्याओं का समाधान खोजने के लिए चुनौतियों का सामना करना सिखाता है। विवेक कुमार सिंह ने कहा कि एनईपी 2020 के अनुसार एक छात्र का समग्र विकास आवश्यक है, जिसके लिए क्रॉसवर्ड एक महत्वपूर्ण है। क्रॉसवर्ड हमें हर दिन नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करतर है। इस कार्यक्रम में प्रो राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी, उदयन मिश्रा, आईएएस, निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार, रॉबर्ट एल चोंग्थू, आईएएस, राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार और देवेश सेहरा, आईएएस, सचिव, एससी एवं एसटी कल्याण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और सीआईएमपी-बीआईआईएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुमोद कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



Rashtriya Sahara ! Page.No-09
Dated:17-08-2024